भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

श्री पंकज मल्होत्रा द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सदस्य (वित्त) के रूप में पदभार संभाला जाना

नई दिल्ली, 9 नवंबर, 2023: श्री पंकज मल्होत्रा द्वारा 8 नवंबर, 2023 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) के बोर्ड में सदस्य (वित्त) का कार्यभार संभाल लिया गया है। इस नियुक्ति से पहले, श्री मल्होत्रा एक सरकारी कंपनी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के तहत भारत का उद्यम में कार्यपालक निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत थे।

भा.वि.प्रा. के सदस्य (वित्त) के रूप में, श्री पंकज मल्होत्रा संगठन के वित्त, लेखा और समग्र वित्तीय संचालन के प्रभारी होंगे। वह संसाधन जुटाने और वैधानिक अनुपालन सहित वित्तीय संचालन के संपूर्ण आयाम से संबंधित नीतियों और रणनीतियों को विकसित करने, तैयार करने के लिए भी जिम्मेदार होंगे। श्री मल्होत्रा नेतृत्व की भूमिका भी निभाएंगे और संगठन के व्यवसाय की निरंतर वृद्धि हासिल करने में प्रभावी सहायता भी प्रदान करेंगे। इसके अलावा, वे भा.वि.प्रा. के संयुक्त उद्यम सेल (जेवीसी) और रणनीतिक निवेश इकाई (एसआईयू) का भी कार्यभार देखेंगे।

श्री मल्होत्रा एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कॉस्ट अकाउंटेंट हैं और उनके पास वित्त क्षेत्र में विविध और समृद्ध अनुभव है, वे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल), इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) और नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) जैसे संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे।

निगमित संचार निदेशालय, भा वि प्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: जीएम (सीसी)
011-24622787 प्रेस विज्ञप्ति संख्या 24/2023-24